# रजिस्ट्रार कार्यालय समाचार

## जनवरी – 2026

**नवंबर/दिसंबर-2025 सत्र**

1. इस सत्र की लिखित परीक्षा रविवार दिनांक 16 नवंबर 2025 को संपन्न हो गयी है।
2. कृपया ध्यान दे कि, नवंबर - दिसंबर सत्र की सभी विषयों की क्रियात्मक परीक्षायें 25 दिसंबर 2025 तक संपन्न करना अनिवार्य था। बिना अनुमती परीक्षा कार्य में हुये विलम्ब के बारें में उचित कार्यवाही की जायेगी।
3. इस सत्र के परीक्षा परिणाम संभवतः दि.30 जनवरी 2026 तक सभी केंद्रोपर भेजने का प्रयास कार्यालय व्दारा किया जायेगा। कृपया ध्यान दे कि, क्रियात्मक परीक्षा में हुए विलम्ब के कारण या क्रियात्मक परीक्षक व्दारा अंकपत्रिका विलम्ब से भेजने के कारण परीक्षा फल घोषित करने में विलम्ब हो सकता है। अतः सभी से नम्र निवेदन है की, परीक्षा फल समय पर घोषित करने के लिये कृपया हमे उचित सहयोग करे।
4. जिन परीक्षा केंद्र पर अलंकार की परिक्षार्थियोंकी संख्या कम होने के कारण ऐसे परिक्षार्थियों को नियमानुसार अन्य केन्द्रोंपर केवल क्रियात्मक परीक्षा के लिये स्थानांतरित किया जाता है, ऐसे संबधित केन्द्रों को इसकी सूचना पत्र व्दारा दी गयी है। सूचना पत्र प्राप्त होने पर केंद्र व्यवस्थापक संबधित परिक्षार्थियोंको उचित मार्गदर्शन अवश्य करें तथा जिन केन्द्रों पर परिक्षार्थियोंको स्थानांतरित किया जाता है, ऐसे केन्द्रों को भी इसकी सूचना कार्यालय व्दारा दी गयी है। कृपया सूचना प्राप्त होते ही केंद्र व्यवस्थापक ऐसे परीक्षार्थीयों की क्रियात्मक परीक्षा की व्यवस्था करें, तथा परीक्षा कार्य में मंडल को सहयोग प्रदान करें।
5. कृपया ध्यान दे की अलंकार परीक्षार्थीयो की क्रियात्मक परीक्षा दि. 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक संपन्न हो रही है। इसका विगतवार कार्यक्रम स्वतंत्र रूप से मंडल के वेबसाइटपर अपलोड किया गया है।
6. सभी केन्द्रव्यवस्थापकोंसे अनुरोध हैं की, केंद्र का 35% शुल्क विवरण पत्र जल्द से जल्द वाशी कार्यालय के मेल पर एवं पोस्ट से वाशी कार्यालय में भेजे । विवरण पत्र प्राप्त होने के पश्चात केंद्र पुरस्कार अनुदान राशी केंद्र के बैंक खाते में जमा की जाएगी। मंडल के नियमानुसार पात्र विद्यार्थीयोंको सीधे परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये अनुमती दी जाती है। इस संदर्भ में मंडल के प्रबंध परिषद् व्दारा लिये गये निर्णयानुसार सूचित किया जाता है की, इसमें केंद्र की ओर से कोई कार्यवाही अपेक्षित नही है। तदनुसार केंद्रव्यवस्थापकों को दिये जानेवाले 35% अनुदान राशी में सीधे परीक्षामें सम्मिलित विद्यार्थियोंके अतिरिक्त परीक्षा शुल्क का समावेश नही किया जायेगा।
7. सभी परिक्षकोंके प्रवास व्यय / पारिश्रमिक का भुगतान ऑनलाइन पदधतीसे जल्द से जल्द भेजने का प्रयास किया जा रहा है ।

अप्रैल/मई 2026 सत्र

1. इस सत्र में केवल विशारद तक की सभी परीक्षाएँ संपन्न होगी।
2. ओडिसी नृत्य की परीक्षाएँ इस सत्र में संपन्न नही होगी।
3. आवेदन पत्र स्वीकृत करने की प्रक्रिया दि. 15 जनवरी 2026 से 5 फरवरी 2026 तक एवं विलम्ब शुल्क के साथ 6 फरवरी से 15 फरवरी 2026 तक शुरु रहेगी।
4. इस सत्र की लिखित परीक्षा रविवार दि. 19 अप्रैल 2026 को संपन्न होगी।
5. परीक्षा से संबंधित सभी बांतो पर रजिस्ट्रार का निर्णय अंतिम होगा।

रजिस्ट्रार
अ.भा.गां.म.वि.मंडल, मुंबई